# वार्षिक वृतांत 2022 - 23

शंकर नारायण महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद की स्थापना सन 2000 में हुई। सन 2022 23 इस शैक्षणिक वर्ष में दिनांक 12 सितंबर 2022 को हस्ताक्षर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डेढ़ सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। दिनांक 13 सितंबर 2022 को कथाकथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। किसमें छात्रों ने रहस्यमई दिलचस्प भावना प्रधान एवं उपदेशात्मक कहानियां सुनाई।

दिनांक 14 सितंबर 2022 को एस वाय बी कॉम के छात्रों द्वारा एक पथनाट्य आयोजित किया गया था । जिसमें छात्रों ने भारत में फैली अंधश्रद्धा ओं को लक्ष्य बनाते हुए अंधश्रद्धा निर्मूलन का संदेश दिया। दिनांक 15 सितंबर 2022 को हिंदी साहित्य परिषद की ओर से काव्य वाचन गायन एवं शायरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।

दिनांक 2 फरवरी 2023 को हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद की ओर से परंपरागत जनसंचार माध्यम इस विषय पर एस वाय बी ए के छात्रों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के परंपरागत जनसंचार माध्यमों का परिचय दिया गया और उसका नाट्य रूपांतर भी प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 16 फरवरी 2023 को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका विषय था "शिक्षा संस्थाओं में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। "छात्रों ने अपने ज्ञान विवेक और प्रतिभा के आधार पर अपने अपने विचार प्रकट किए और श्रोताओं के दिल भी जीत लिए । उसी अवसर पर साल भर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जिसके लिए डॉ एम सत्यश्री एवं डॉ वनिता मलिक प्रमुख अतिथि के रूप में प्राप्त हुए थे। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन और आशीर्वाद देते हुए उनकी हौसला अफजाई की। आने वाले दिनों में हिंदी साहित्य परिषद निश्चित ही नए नए प्रयोग करने में सफल होगी।

**डॉ. मनीषा घरत,**
**अध्यक्षा।**
**हिंदी साहित्य परिषद**